

श्री. शांतिलालजी मुथ्था
संस्थापक, BJS

# BJS eबुलेटीन 2020

JAINS FOR INDIA
BJS
Bharatiya Jain Sanghatana

**Edition 27, 03rd May 2020**

## संपादक की कलम से



प्रिय स्नेहीजन,

कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप के कारण लॉकडाउन अवधि 17 मई तक बढ़ा दी गई है. कुल संक्रमित 35,000 और मौत का आंकड़ा 1000 पार कर गया हैं. अन्य देशों की तुलना में आंकड़ों की दृष्टि से संतोष किया जा सकता है, किन्तु क्रमशः क्रूर होता जा रहा कोरोना का पंजा हम सभी देशवासियों के मस्तक पर चिंता की रेखा खींच रहा है. कोरोना महामारी ने संक्रमण रूपी ऐसा जाल बिछाया है जिसमें मनुष्य मछलियों की तरह फसता जा रहा हैं. महाप्रलय के रूप में आयी इस बीमारी के अतिरिक्त आर्थिक और सामाजिक समस्याओं ने भी हमें घेर लिया है. अर्थव्यवस्था का क्या होगा, यह चर्चा का विषय है. किन्तु इससे भी महत्वपूर्ण है देशवासियों का स्वास्थ्य. लॉक डाउन के कारण अस्वस्थ व्यक्ति इलाज करवाने की स्थिति में नहीं है क्योंकि वह घर से बाहर नहीं निकल सकता. बड़ी संख्या में लोगों की जान जाने का अंदेशा है. आदरणीय मुत्थाजी ने लोगों की इस दुविधा को समझा व डॉक्टर आपके घर द्वार पर - B J S मोबाईल डिस्पेन्सरी सेवा प्रारम्भ की है. 25,000 रोगियों की जांच व उपचार प्रतिदिन किया जा रहा है. BJS कोरोना वॉरियर्स रेड ज़ोन में जाकर लोगों का उपचार जान हथेली पर रखकर कर रहे हैं. हम उन्हें नमन करते हैं और उनके अच्छे स्वास्थ्य व कुशलता की मंगल कामना करते हैं

**निरंजन जुंवा जैन**
सदस्य - BJS राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति

## अभ्युदय

दिनांक 29 व 30 अप्रेल, 2020 दोपहर 3 से 5.30 सांय (Online) BJS के राष्ट्रीय पदाधिकारियों, राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्यों, राज्य, विभागीय तथा जिला अध्यक्ष व सचिवों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ. लगभग 300 पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया. BJS के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व ऑनलाइन अभ्युदय कार्यक्रम के प्रभारी श्री राकेश जैन ने प्रशिक्षण का concept डिज़ाइन किया व तकनीकी उत्तरदायित्व कर्नाटक के राज्याध्यक्ष श्री दिनेश पालरेचा ने वहन किया.

अभ्युदय का अर्थ है उदय होना, ऊपर उठना या चढ़ना. नवप्रगति के पथ पर आगे बढ़ना. मनोरथ सिद्ध करना. BJS के समस्त पदाधिकारियों की इस प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से BJS के नवोदय से समाज की समुचित प्रगति का मार्ग प्रशस्त हो. BJS के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देने का उद्देश्य उनकी कार्य कौशल्य को बढ़ाना व उनके व्यक्तित्व को निखारने का अभ्युदयमय प्रयास करना.

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस कार्यशाला का शुभारम्भ राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेन्द्र लुंकर के स्वागत संबोधन से हुआ. तत्पश्चात आपने प्रशिक्षण देते हुए पदाधिकारियों को लक्ष्य प्राप्ति हेतु उनके उत्साह में वृद्धि की और कहा कि चुनौतियों को अवसर समझकर समाज हित में उनका उपयोग करें.

अतिथि प्रशिक्षक विजय मेनन ने मानवीय सेवा कार्यों को विभिन्न उदाहरणों से समझाया. आपने कहा कि सामाजिक नेतृत्वकार का दिल चैरिटी का और मस्तिष्क प्रोफेशनल का होना चाहिए. आपने प्रशिक्षणार्थियों को समय व बुद्धिमत्ता नियमित दान करने की सलाह दी.

श्री राकेश जैन ने समझाया कि किस तरह आपके नेतृत्व को अलग व विशिष्ट बनाएं. आगे आकर नेतृत्व करें क्योंकि आपकी भूमिका रेलगाड़ी के ईंजन की तरह है. आपने टीम आधारित कार्यशैली के महत्व पर प्रशिक्षण दिया.

आदरणीय शांतीलालजी मुत्था ने BJS मोबाईल डिस्पेंसरी सेवाओं से डॉक्टर आपके घर द्वार योजना का सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया. आपने कहा कि हम ऐसे ही कार्य कर अपने मनुष्य जीवन को सार्थक कर सकते हैं. यही समय Jains for India को सार्थक करने का है.

प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन संयोजक श्री राकेश जैन व श्री दिनेश पालरेचा ने सभी का स्वागत किया. राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत व उत्साह वर्धन के उद्गारों के साथ प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ. Technology अपनाने के विषय पर प्रशिक्षण BJS महामंत्री श्री सम्प्रति सिंघवी ने किया. Online मीटिंग्स की चर्चा करते हुए आपने राष्ट्रीय कारिणी समिति की हुई सभा का उदाहरण दिया और राज्य, विभाग, जिला व चेप्टर स्तर तक इस तरह की

Contd...

दिए लिंक को क्लिक करे




https://youtu.be/Ul0nBYobXJ8
https://youtu.be/1XPN-upJQWk

**BJS द्वारा संचालित आपके द्वार मोबाइल डिस्पेंसरी सेवा पर एक विडिओ फ़िल्म देखें**

ऑनलाइन मीटिंग्स आयोजित करने का आग्रह किया. आपने BJS एप का विवरण देते हुए जैन समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इससे connect करने के संबंध में मिलने वाले लाभों पर विस्तृत जानकारी दी.

BJS मंत्री व Smart girl कार्यक्रम के राष्ट्रीय संयोजक श्री संजय सिंघी ने पदाधिकारियों को कार्यशैली संबंधी विषय पर प्रशिक्षण दिया. कार्यकर्ताओं में गहरी पैठ बना उनकी क्षमताओं का उपयोग करने पर मार्गदर्शन दिया. सोश्यल मीडिया का अधिकतम उपयोग व चेप्टर स्तर तक BJS गतिविधियों के वीडियो या सूचनाएं पहुचाने के तरींकों पर मार्गदर्शन दिया.

BJS के निवृत्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल पारख ने कहा कि आप जिस मुकाम पर हैं स्वयं को विद्यार्थी समझें. अध्यक्ष व सचिवों हेतु मार्गदर्शिका, कार्यक्रम आयोजनों में लक्ष्य में लेने जैसी बाबते, प्रभावी नेतृत्व के गुण व पारदर्शक कार्यशैली पर प्रभावी तरिके से प्रशिक्षण दिया.

श्री स्वप्निल कोठारी, इंदौर ने कहा कि आप जो करते हैं सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास करें. एसा कोई कार्य नहीं जो आपके लिए असंभव हो. आपके भीतर प्रतिपल घटित हो रही मौन क्रांति का ऐहसास कर व्यर्थ और सार्थक की भेद रेखा को समझते हुए आपकी दृष्टि को व्यापक करें.

## Galaxy of resource persons



**Shri Rajendra Lunker**, Erode
BJS National President, Master Trainer - Smart Girl Program,Industrialist , Orator & Philanthropist.
Practicing spirituality
- **BJS - Vision 2030**
- **Technology driven**
- **State Prabhari**
- **Monitoring & Review system**

**Shri Vijay Menon,** Cochin
Chief Mentoring Partner to Fortune 100 cos,
Visiting Faculty - IIM kozhikode, IIM Indore, IRMA, Anand
Trainer of IAS, IPS, Judges, Heads of PSUs Banks, Insurance cos
- **Renewed Mission**
- **Passion & Compassion**
- **Joy of giving**
- **Human Excellence**

**Shri Rakesh Jain** Prakhar, Indore
BJS National Vice President, Head- BJS Business Development Mission, Visiting Faculty - IIM Indore.
Speaker, Motivator & Mentor
- **Leadership role**
- **Teamwork works**
- **People management**

**Shri Samprati Singhvi,** Jaipur
BJS General Secretary, Technology Savvy, Marble & Stone traders, Yoga academy
Use of technology
- **Online meetings & programs**
- **Use of google sheet**
- **BJS Application**

**Shri Sanjay Singhi**, Chandrapur
BJS National Secretary, Master Trainer - Smart Girl Program, Industrialist
- **Making activities calendar**
- **Involve & tap potential of every member**

**Shri Prafulla Parakh**, Bengaluru
BJS Ex National President, Seasoned Social Activist.
Powerful Orator, Guide & Mentor
- **President/ Secretary Guidelines**
- **How to organise**
- **How to excel**
- **Monetary guidelines**
- **Build PR & Public Image**
- **Creating influence & impact on society**

**Dr. Swapnil Kothari**
CA, Educationist, Entrepreneur & Leader,
Young dynamic Chancellor of Renaissance University, built 7 educational institutions, runs media house, Real estate firm, NGO
- **Be the best of whatever you do**
- **Habit of Excellence**
- **You can do it**
- **Be the change**



To view all videos : : **bit.ly/BJSPune**